<u>राज्य सभा</u>

<u>अतारांकित प्रश्ना संख्या 2687</u>

<u>12 अगस्त 2015 को उत्तर के लिए</u>

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्वारा
आई डी सी ओ एल कलिंगा आयरन वर्क्स लिमिटेड का अधिग्रहण

2687. **श्री दिलीप कुमार तिर्की**:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्वारा आई डी सी ओ एल कलिंगा आयरन वर्क्स लिमिटेड, क्योंझर, ओडिशा का अधिग्रहण किए जाने संबंधी प्रस्ताव मंत्रालय के पास लंबित है; और
(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) : जी, नहीं।

(ख) : तथापि, आईडीसीओएल ने सेल को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है जिसमें सेल को इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी प्रदान की गई है। वर्तमान में यह प्रस्ताव सेल के विचाराधीन है।

******